nt>

Title: Demand for electrification of villages all aroudnt he Taj for protection from pollution.

**प्रो. एस.पी.सिंह बघेल (जलेसर) :** अध्यक्ष महोदय, प्रदूति वातावरण के कारण ताजमहल को खतरा हो रहा है। इस संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने एक याचिका को स्वीकार किया है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने केन्द्रीय सरकार को यह निर्देश दिया है कि ताजमहल के संरक्षण, संवर्द्धन के लिए और प्रदूाण से बचाने के लिए वह धन मुहैया कराए । माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार केन्द्र सरकार ने 600 करोड़ रुपए ताजमहल को प्रदूाण से बचाने के लिए और उसके रख-रखाव,संवर्धन एवं संरक्षण के लिए दिए। उसमें एक योजना यह थी कि ताजमहल से 20 किलोमीटर टीटीजैड, फेज - I ,टीटीजैड फेज़ - II बनाया जाए। उसमें राज्य सरकार से कहा गया कि ताजमहल के चारों तरफ जो गांव स्थित हैं उनमें भी विद्युतीकरण नहीं है। वहां लोग प्रकाश करने के लिए लालटेन वगैरह जलाते हैं या अन्य कोई व्यवस्था प्रकाश के लिए करते हैं। ताजमहल को उस प्रदूाण से खतरा हो रहा है, इसलिए वहां विद्युतीकरण कराया जाए। सरकार जो विद्युतीकरण करा रही है वह केवल राजस्व गांवों में करा रही है। जो छोटे गांव हैं नगले और मज़रा हैं, उनमें विद्युतीकरण नहीं हो रहा है। ताजमहल को प्रदूाण से बचाने के लिए विद्युतीकरण कराया जा रहा है। यद्यपि सरकार की बहुत सी योजनाएं हैं, वे केवल बड़े गांवों में जाती हैं, छोटे गांवों में नहीं जाती हैं, लेकिन इस विद्युतीकरण का संबंध प्रदूाण एवं धुंए से है, क्योंकि बड़े गांव ज्यादा धुंआ करेंगे, इससे ताजमहल को ज्यादा खतरा होगा और जो छोटे गांव हैं वे थोड़ा कम धुंआ करेंगे, लेकिन प्रदूाण वह भी कर रहे हैं।

महोदय, मेरी आपके माध्यम से राज्य सरकार से मांग है कि टीटीजैड में जितने भी इलाके हैं, वहां जो भी आबादी है, उसका संपूर्ण रूप से सेचुरेटेड करते हुए ि वद्युतीकरण कराया जाए। केन्द्र सरकार इसमें हस्तक्षेप करे, क्योंकि इन्होंने 600 करोड़ रुपया राज्य सरकार को दिया है, इसलिए उसकी मोनिटरिंग कराई जाए। टीटीजैड से तीन सांसद हैं - श्री राजबब्बर, श्री रामजीलाल सुमन और मैं स्वयं हूं। इन्हें उस कमेटी में रखा जाए, जिससे यह देखा जाए कि उस इलाके में क्या काम हो रहा है।â€¦ (व्यवधान) वहां ठीक से रोड नहीं बनी हुई हैं। जब कच्ची सड़क से कोई गाड़ी जाएगी तो उसमें से ज्यादा धुंआ निकलेगा। इससे ताजमहल को भी ज्यादा खतरा हो रहा है। इसलिए वहां ठीक से रोड बनाई जाएं। वहां जितने भी गांव हैं, वहां ठीक से रोड बनाई जाए और विद्युतीकरण कराया जाए। मुझे यह भी मालूम है कि 20 किलोमीटर से कम में, धीरपुरा, लांगी, दानिकाबास, सुजानपुर, जामपुर, चमरौला, नथा का नगला, तहसील एतमादपुर, टुंडला, जलैसर, सादाबाद आदि ि वधान सभा के संपूर्ण गांवों में अभी तक किसी प्रकार से विद्युतीकरण नहीं है, आजादी के इतने साल बीत जाने के बाद भी नहीं है। वहां 600 करोड़ रुपए मुहैया करने के बाद भी विद्युतीकरण नहीं है। इसलिए मेरी मांग है कि इन इलाकों में संपूर्ण विद्युतीकरण कराया जाए और सभी सड़कों पर ठीक से संपूर्ण मार्ग बनाए जाएं। धन्य वाद।â€¦ (व्यवधान)

KUMARI MAMATA BANERJEE (CALCUTTA SOUTH): Please allow me to raise one important issue because it is a move to divide the country. For the unity of the country, please allow us to raise this important issue.

MR. SPEAKER: I am going to permit you to speak, but it was already discussed before you came to the House.

KUMARI MAMATA BANERJEE : There are some issues that have not been discussed. I appeal to you to allow us to raise this issue. Generally, I do not raise matters that are not important.

MR. SPEAKER: I will give you a chance to speak.